प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–04.09.2023 (सं0–391)

दिनांक–01.09.2023 को पुलिस महानिदेशक बिहार की अध्यक्षता में बिहार पुलिस संगठन के कल्याण हेतु आहुत बैठक में लिये गये निर्णयः–

- दिनांक 01.09.2023 को पुलिस महानिदेशक, बिहार की अध्यक्षता में बिहार पुलिस संगठन के कल्याण हेतु एक बैठक की गयी।
- पुलिस महानिदेशक, बिहार के द्वारा बताया गया कि बैठक का उद्देश्य शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्मरण करना तथा उनके परिजनों के सम्पर्क में रहना है।

बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयः–

1. पुलिस संस्मरण दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका ऐतिहासिक प्रसंग यह है कि 21 अक्टूबर 1959 में भारत चीन सीमा पर लद्दाख की बर्फीली उचाँइयों पर हॉट स्प्रिंग्स नामक स्थल पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक छोटी टुकड़ी पर चीनी आक्रमणकारियों द्वारा किये गये हमले में पुलिस के 10 बहादुर जवानों ने अंतिम साँस तक लड़ते हुये अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। वर्ष 1961 के पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि 21 अक्टूबर को प्रतिवर्ष पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाएगा। तब से यह गौरवपूर्ण परम्परा नियमित रूप से निभाई जा रही है।
2. बिहार राज्य के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी जो कि कर्तव्य के दौरान शहीद हो गये थें, उनकी सूची बिहार पुलिस अकादमी के द्वारा तैयार की गयी है।
    - वर्ष 1947 से 2022 तक बिहार पुलिस के लगभग 1220 पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के निर्वहन में वीर गति को प्राप्त हुये हैं।
    - उल्लेखनीय है 1947 से 1961 तक कुल 44 पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के निर्वहन में वीर गति को प्राप्त हुये थें किन्तु उनका नाम तथा पदनाम ज्ञात नहीं है।

क्र0सं0	पद	संख्या
1	पुलिस अधीक्षक	4
2	पुलिस उपाधीक्षक	6
3	पुलिस निरीक्षक	15
4	पुलिस अवर निरीक्षक	159
5	सहायक पुलिस अवर निरीक्षक	99
6	हवलदार	176
7	सिपाही	761
कुल		**1220**

- इनका थानावार सत्यापन कराया जाएगा। फोटो इत्यादि प्राप्त कर सुगम स्थान पर फोटो तथा नाम पट्टिका लगायी जाएगी।

3. प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस संगठन के बलिदानी वीरों की स्मृति में पुलिस संस्मरण दिवस के किये जाने वाले आयोजन में सभी जिलो /सभी वाहिनियों में पूर्व की भाँति परेड का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस मुख्यालय से वरीय पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे।
4. अन्य राज्यों की व्यवस्था का पता किया गया है। 10 राज्यों में (कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, राजस्थान, कर्नाटका, ओडिसा, जम्मू, तमिलनाडु तथा आन्ध्र प्रदेश) में सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस मेमोरियल स्थापित किया गया है। तमिलनाडु राज्य में पुलिस महानिदेशक के कार्यालय परिसर में पुलिस मेमोरियल स्थापित है। इस पर विचार करते हुये बिहार राज्य के लिए भव्य पुलिस मेमोरियल सार्वजनिक स्थल पर बनाने का निर्णय लिया गया, जिसके सम्बन्ध में विधिवत प्रस्ताव भेजा जाएगा।
5. पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के कल्याण हेतु एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है, जो शहीद पदाधिकारियों/कर्मियों को मिलने वाले सभी लाभों को प्रदान कराना सुनिश्चित करेगी एवं उनके आश्रितों कि लिए एक मात्र सम्पर्क सूत्र का भी कार्य करेगी।

XXXXXX